## पार्कों के रखरखाव पर विशेष ध्यान दें निगम कर्मी : महापौर

अयोध्या।(संवाददाता) जनशिकायतों के त्वरित समाधान के लिए नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को आयोजित संभव कार्यक्रम में कुल 17 प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 11 का महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने तुरंत समाधान कराया, जबकि पांच प्रकरण गली एवं नाली निर्माण से जुड़े थे, जिसकी जांच कर स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई की अध्यक्षता कर रहे महापौर ने पार्कों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने की हिदायत कर्मचारियों को दी। इस मौके पर सड़क, नाली, गली के निर्माण, मार्ग प्रकाश व्यवस्था के जल एवं सफाई को लेकर शिकायतें आईं।उन्होंने जन्म–मृत्यु प्रमाणपत्र तुरंत जारी करने का निर्देश दिया। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने समस्याओं का निदान कराया। जनसुनवाई में पूर्व उपसभापति जय नारायण सिंह रिंकू, पार्षद अनुज दास, रमाशंकर निषाद एवं अनूप श्रीवास्तव, महेंद्र शुक्ल, अपर नगर आयुक्त डॉ नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, सुमित कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल, जोनल अधिकारी सुभाष त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता निर्माण राजपति यादव, भारत सिंह मौजूद रहे।

## टोल प्लाजा बना वाहन चेकिंग व वसूली का अड्डा

सोहावल–अयोध्या(संवाददाता)। रौनाही टोल प्लाजा इन दिनों वाहन चेकिंग और वसूली का अड्डा बना हुआ है। सुबह से रात तक आरटीओ, सेल टैक्स और फाइनेंसर की टीमें वाहनों को हाईवे के बीच रोककर चेकिंग करती रहती है। इससे छोटे बड़े वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है। सड़क सड़क दुर्घटनाओं को बढ़ावा मिलता है। फाइनेंसर के अवैध गुर्गों से वाहन चालकों की झड़प रोज की दिनचर्या बनती जा रही है। टोल प्लाजा प्रबंधन में एन एच ए आई का स्पष्ट निर्देश है कि प्लाजा के दोनों तरफ 500 मीटर की दूरी में कोई भी वाहन खड़ा करना अवैध है। इसके बीच सड़क के किनारे कोई भी ढाबा दुकान आदि नहीं खोली जा सकती। बावजूद इसके रौनाही टोल प्लाजा पर सब कुछ धड़ल्ले से चल रहा है।टोल प्लाजा के दोनों तरफ ढाबे और दुकानों की कतार लगी है। सुबह शाम इन दुकानों के सामने आधी सड़क आरक्षित कर अवैध रूप से बड़े–बड़े वाहन खड़े देखे जा सकते हैं जो आए दिन दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। इसी कड़ी में अब आरटीओ और सेल टैक्स अधिकारियों की चेकिंग भी सुबह से रात तक सड़क के बीचो–बीच पिछले कुछ दिनों से होने लगी है।टोल प्लाजा हमेशा वाहनों की भीड़ से भरा रहता है। फाइनेंसरों के पालतू गुर्गे अपनी अवैध कमाई के चक्कर में इन वाहनो को जबरन रोक कर ना सिर्फ वसूली का प्रयास करते हैं। बल्कि ना नुकुर करने वालों से मारपीट तक उतर आते हैं। शिकायत लेकर रौनाही थाने तक जाने वाले पीड़ित वाहन चालकों का कहना है कि अचानक लगने वाला जाम तेज रफ्तार वाहनों के लिए बड़ा खतरा बन रहा है। इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर टोल प्लाजा के पेट्रोलिंग प्रबंधक सावी कुमार ने बताया कि रोकथाम के लिए कई बार उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा गया। लेकिन कोई निर्देश नहीं मिला है।बहुत जल्द टोल प्रबंधन से कार्रवाई होगी।

# महामंडलेश्वर पवन कुमार दास व बृजमोहन दास बने धूनी वाले बाबा आश्रम के महंत

### -अयोध्यानगरी के संत-महंतों ने साधुशाही परंपरानुसार उन्हें कंठी, चद्दर, तिलक देकर महंती की दी मान्यता



अयोध्या(संवाददाता)। रामनगरी की प्रतिष्ठित पीठ श्री धूनी वाले बाबा आश्रम तुलसीबाड़ी निकट अयोध्या आई हॉस्पिटल के सामने परिक्रमा मार्ग में आज मंदिर में महंताई समारोह का भव्य आयोजन किया गया।जिसमें महामंडलेश्वर पवन कुमार दास व बृजमोहन दास को मंदिर की बागडोर सौंपा गया। धूनी वाले बाबा आश्रम में अयोध्या के संतों वा महंतों के द्वारा महामंडलेश्वर पवन कुमार दास व बृजमोहन दास को महंत सर्वराहाकार नियुक्त किया गया कंठी चद्दर देकर महंताई की। मंगलवार को एक महंताई समारोह के दरम्यान अयोध्यानगरी के संत–महंतों ने साधुशाही परंपरानुसार उन्हें कंठी, चद्दर, तिलक देकर महंती की मान्यता की। साथ ही साथ महज्जरनामा पर हस्ताक्षर भी किया। महामंडलेश्वर पवन कुमार दास व बृजमोहन दास के सेवा भाव व ईश्वर के प्रति उनकी आस्था इस सबको देखते हुए अयोध्या के संतों ने महंत श्री कमल दास जी महाराज की अध्यक्षता में संत समाज ने उक्त दोनों संतों को महंती के योग्य समझा और मंगलवार को कंठी, चादर, तिलक आदि से महंत के रूप में उनका अभिषेक किया। संतों ने रामानन्दीय वैरागी परमारा के अनुसार महामंडलेश्वर पवन कुमार दास व बृजमोहन दास को कन्ठी, चादर व तिलक लगाकर गद्दी पर आसीन कर विधिवत महन्थ नियुक्त कर यह महज्जर नामा लिख दिया।

नवनियुक्त महंत महामंडलेश्वर पवन कुमार दास व बृजमोहन दास ने कहा कि वह अपने समस्त दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करेंगे। साथ ही मंदिर की सम्पूर्ण सम्पत्तियों को अक्षुण्ण बनाए रखने का आजीवन सतत प्रयत्न करते रहेंगे। अंत में आए हुए संतों का धूनी वाले बाबा आश्रम के महंत कमल दास महाराज, केशव बिहार सदन के महंत सच्चिदानंद दास, महंत शिवराम दास व हनुमान किला के महंत रामकिशोर दास ने स्वागत–सत्कार किया।महंत कमलदास महाराज का आश्रम तीन जगह है अयोध्या (उत्तर प्रदेश) भिवानी (हरियाणा) राजगढ़ (राजस्थान) है।इस मौके पर प्रमुख रूप से श्री मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास, निर्वाणी अखाड़ा के महासचिव महंत नंदराम दास, रसिक पीठाधीश्वर महंत जन्मेजय शरण, बड़ा भक्त माल आश्रम के महंत अवधेश कुमार दास, महंत परशुराम दास,महंत राम नारायण दास,महंत राम आसरे शरण रामायणी, तुलसी दास छावनी के महंत जनार्दन दास, पत्थर मंदिर के महंत मनीष दास, बड़े हनुमान मंदिर के महंत छविराम दास, हनुमानगढ़ी के महंत रामकुमार दास सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहें।

# एसआईआर फार्म भरने मे आ रही त्रुटियो को लेकर सपा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



अयोध्या(संवाददाता)। समाजवादी पार्टी जिला व महानगर कमेटी ने जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव व पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन के नेतृत्व में एसआईआर मे आ रही त्रुटियो के संबंध में जिलाधिकारी संबोधित एक ज्ञापन कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी को सौपा गया ज्ञापन के माध्यम से कई बिंदुओं पर मांग की गई है !ज्ञापन के माध्यम से समाजवादी पार्टी जिलाध्महानगर अयोध्या ने मांग किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया में ऐसे मतदाता जिनका नाम 2003 की मतदाता सूची में है अथवा उनके माता–पिता दादा दादी नाना नानी का नाम है अगर उन्होंने प्रपत्र मे पूर्ण विवरण सही ढंग से भरकर बीएलओ के पास जमा कर दिया है फिर भी बीएलओ उन मतदाताओं को क्रमशः फर्स्ट ऑप्शन व सेकंड ऑप्शन में नहीं बल्कि थर्ड ऑप्शन में कर दिया गया है इन त्रुटियों को तत्काल दूर किया जाए, और फार्म बाटने और जमा करने का समय तीन माह और बढ़ाया जाए ,इस मौके पर जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि आज जिलाधिकारी से सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी, रूदौली,बीकापुर, मिलकीपूर, सहित सभी विधानसभा की बात रखी। जिलाधिकारी ने पूरा भरोसा दिलाया कि सभी त्रुटियों को दूर किया जाएगा और जिन लोगों ने पुरानी लिस्ट से फार्म भर दिया है उसको विभाग अपने स्तर से ठीक करेगा मतदाता को परेशान नहीं किया जाएगा, जिलाध्यक्ष ने कहा समाजवादी पार्टी का एक एक कार्यकर्ता पूरी तरह एसआईआर फार्म भरवाने में मतदाताओं की मदद कर रहा और जहां कमियां हैं उनसे संगठन को अवगत भी करा रहा है, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि बहुत से मतदाता को बीएलओ रिसीविंग नहीं दे रहे हैं कई जगह शिकायत आ रही है कि बीएलओ फार्म सिर्फ ऊपर का कालम भर कर ले रहे हैं नीचे कालम नहीं भर रहे हैं और भरा हुआ नहीं ले रहे हैं कुछ जगह पार्टी विशेष के लोगों को भी बाटने के लिए दे दिया है जो सरासर गलत है, समाजवादी पार्टी मांग करती है इन सभी चीजों को सही किया जिससे कोई भी मतदाता का वोट कटने न पाए ,काम को पूरी पारदर्शिता से किया जाए। इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, प्रदेश महासचिव जय शंकर पांडे, महानगर महासचिव हामीद जाफर मीसम, सपा नेता अनूप सिंह,छोटे लाल यादव, जिला उपाध्यक्ष आकिब खान, रितेश यादव एडवोकेट, राम करन यादव एडवोकेट, अनस खान, कपिंजल निषाद, सीताराम यादव,ईशा कुरैशी, इत्यादि लोग मौजूद थे।

# खेलो इंडिया प्रतियोगिता में अवध विवि को मिला गोल्ड

### -एथलीट दीपांशी सिंह ने रचा इतिहास, जीता गोल्ड




अयोध्या(संवाददाता)। जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स प्रतियोगिता में एथलेटिक्स के महिला वर्ग की लम्बी कूद इंवेट में अवध विश्वविद्यालय की एथलीट दीपांशी सिंह ने नया इतिहास रचते हुए लम्बी कूद में सभी प्रतिभागियों से अधिक दूरी की छलांग लगाकर विश्वविद्यालय के लिए गोल्ड मेडल जीता।दीपांशी सिंह ने कुल 6.20 मीटर दूरी की छलांग लगाकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। गत वर्ष भी दीपांशी सिंह ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में अवध विश्वविद्यालय के लिए गोल्ड मेडल जीता था। दीपांशी सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध राम नेवाज सिंह महाविद्यालय, बावन, कुमारगंज की छात्रा है। एथलेटिक्स प्रतियोगिता के समय खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में अवध विश्वविद्यालय के कॉन्टिजेंट मैनेजर, डॉ. मनीष सिंह साथ रहे। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में दीपांशी सिंह के गोल्ड मेडल जीतने पर विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के खेलों में महिला एथलीट दिन प्रतिदिन सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। राष्ट्रीय खेल पटल पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रही है, जो महिला सशक्तिकरण का उदाहरण है। सभी खिलाड़ियों को इनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से प्रेरणा मिलती है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जाएगा । क्रीड़ा सचिव प्रो.आशीष प्रताप सिंह ने बताया कि कुलपति के मार्ग दर्शन में विश्वविद्यालय में खेल सुविधाओं को विकसित करने के लिए विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है जिसके लिए आवासीय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय मानको के अनुसार एथलेटिक्स ट्रैक के साथ इंडोर एवं आउटडोर गेम्स के लिए कोर्ट और ग्राउंड को तैयार कराया जा रहा है। विश्वविद्यालय गोल्ड मेडल विजेता एथलीट को सम्मानित करेगा। दीपांशी सिंह के गोल्ड मेडल जीतने पर क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह एवं क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने बधाई के साथ शुभकामनाएं दी है। खिलाड़ी एथलीट के गोल्ड मेडल जीतने पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी पूर्णेन्द्र शुक्ला, कुलसचिव विनय कुमार सिंह , छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो.नीलम पाठक,मुख्य कुलानुशासक प्रो. एसएस मिश्रा, साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह, प्राचार्य प्रो. दानपति त्रिपाठी, मनूचा महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.मंजूषा मिश्रा, महाविद्यालय विश्वविद्यालय शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ.जन्मेजय तिवारी, महामंत्री प्रो.अमूल्य कुमार सिंह, आवासीय परिसर शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रो.शैलेंद्र कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष प्रो.संग्राम सिंह, महामंत्री डॉ.राना रोहित सिंह,क्रीड़ा परिषद के पूर्व सचिव प्रो. प्रवीण सिंह, डॉ. पूनम जोशी, प्रो.संतोष गौड़, क्रीड़ा परिषद उप सचिव डॉ.अनुराग पाण्डेय, विधि संकायाध्यक्ष प्रो.अशोक राय,प्रो. अजय कुमार, डॉ. नीलम, डॉ.संत लाल, डॉ. अनिल कुमार मिश्रा, डॉ. कपिल राणा, डॉ. अर्जुन सिंह, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ. रीमा सोनकर, डॉ. उमापति, डॉ.अंजू, शिव कुमार सिंह सहित सभी खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# संगठित अपराध की मजबूत कड़ी बना सरयू तट का बालू खनन



अयोध्या(संवाददाता)। सरयू तट का बालू कारोबार अब महज खनन का धंधा नहीं, बल्कि सत्ता–संरक्षण और संगठित अपराध की मजबूत कड़ी बन चुका है। यह दावा अधिवक्ता प्रवीण दुबे द्वारा की गई प्रेस वार्ता में किया। दुबे के अनुसार बालू चोरी की आड़ में ऐसा 'खनन सिंडिकेट' फल–फूल रहा है, जो पट्टों के नाम पर करोड़ों की लूट, अवैध मशीनरी संचालन और प्रशासनिक तंत्र को चुनौती देने की क्षमता रखता है।फतेहपुर सरिया माझा के गाटा संख्या 13 का पट्टा भले संतोष जायसवाल के नाम दर्ज हो, पर दुबे का कहना है कि सरयू की उपधारा पर दिन–रात 5–6 पोकलैंड मशीनें अवैध रूप से चल रही हैं। वीडियो, फोटो और अन्य प्रमाण प्रशासन को सौंपे गए, लेकिन कार्रवाई के नाम पर शून्य जैसी स्थिति बनी रही। दुबे ने दावा किया यह केवल खनन नहीं, सरकारी सिस्टम को धता बताकर की जा रही प्रत्यक्ष लूट है।29 नवंबर को एआरओ अन्नत सिंह पर हुए हमले को दुबे ने सिंडिकेट की खुली चेतावनी बताया। हाईवे पर कई गाड़ियों का पीछा, रास्ता रोकने की कोशिश और खुलेआम धमकी इन घटनाओं ने जिले में कानून–व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दुबे के शब्दों में अयोध्या में कानून अब सड़क पर नहीं, बल्कि बल और संरक्षण पर चलता दिख रहा है। अधिवक्ता ने आरोप लगाया कि खनन माफिया राकेश व सरोज जायसवाल का दुस्साहस इतना बढ़ चुका है कि पुलिस थाने की भी परवाह नहीं रह गई।उनके अनुसार कैंट थाना परिसर में 60द70 लोग घुस आए, और खनन अधिकारियों से अभद्रता और धक्का–मुक्की की। कई अधिकारियों को कमरे में छिपकर अपनी जान बचानी पड़ी, जबकि पुलिस मूकदर्शक बनी रही। दुबे ने सवाल उठाया–जब थाना सुरक्षित नहीं, तो अधिकारी कहाँ जाएँदुबे ने बताया कि वर्ष 2020 में उनकी ही याचिका पर हाईकोर्ट ने मांझा बरेठा के अवैध खनन मामले में 1.35 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। इसके बावजूद न तो खनन रुका, न ही सिंडिकेट की शक्ति कम हुई। अधिवक्ता ने आरोप लगाया कि यह गिरोह राजनीतिक संरक्षण के सहारे ही पनपता है। सरकार कोई भी हो, माफिया अपना रंग बदलकर सत्ता की छांव पा लेता है। उनके अनुसार–जब कार्रवाई आधी–अधूरी रह जाती है, तो माफिया और ताकतवर होकर उभरता है। दुबे ने मुख्यमंत्री, डीएम, एसएसपी, स्थानीय सांसद व पूर्व सांसद से इस पूरे खनन माफिया नेटवर्क पर तत्काल निर्णायक कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है यह लड़ाई बालू की नहीं, प्रशासन की साख बचाने की है। थाने में घुसकर अधिकारी घेर लिए जाएँ, यह अवैध खनन नहीं शासन को खुली चुनौती है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह की घटनाएँ प्रदेश की ईमानदार सरकार की छवि धूमिल कर रही हैं।अयोध्या मॉडल चर्चा में धीरे–धीरे यह मामला सिर्फ खनन का नहीं, सत्ता, संरक्षण और सिस्टम की कमजोरियों का आईना बनता जा रहा है।

# दरोगा और साथियों ने फौजी को पीट-पीट कर मार डाला स्कार्पियो ओवरटेक करने को लेकर विवाद, एसआई समेत 5 गिरफ्तार



प्रयागराज। करछना थाना क्षेत्र में सेना के एक जवान को दरोगा और उसके साथियों ने पीट–पीटकर मार डाला। स्कॉर्पियो ओवरटेक करने को लेकर झगड़ा हुआ। इसके बाद दरोगा और उसके साथियों ने लोहे की रॉड से सेना के जवान को बुरी तरह से पीटना शुरू कर दिया। इसमें सेना का जवाल खून से लथपथ हो गया। इस बीच दरोगा और उसके साथी भाग गए। सूचना पर पहुंचे घरवालों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने घायल जवान को सेना के अस्पताल भेज दिया। वहां इलाज के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। जवान के पिता की शिकायत पर दरोगा समेत 5 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार करछना के धरवारा निवासी विवेक सिंह (28) सेना के इंटेलिजेंस विभाग में दिल्ली में तैनात थे। उनके पिता उमाकांत सिंह भी सेना से सूबेदार पद से रिटायर हुए हैं। विवेक 2 भाइयों में छोटे थे। 3 साल पहले ही उनकी शादी प्रतिभा से हुई थी। उनका 2 साल का बेटा वेदांत है। विवेक चचेरी बहन की शादी में शामिल होने 28 नवंबर को छुट्टी लेकर घर आया था। 29 नवंबर को बहन की शादी थी। शादी की रात देर तक वह अपने गांव के 2 दोस्तों विनय जैन और करन के साथ कार से कोहड़ार बाजार गया था। वहां उसने विनय को कोहड़ार घाट छोड़ दिया। इसके बाद वह कार से करन सिंह के साथ धरवारा स्थित अपने घर लौट रहा था।रात करीब 2 बजे धरवारा मोड़ के पास बारात से लौट रहे स्कॉर्पियो सवार कुछ युवकों से गाड़ी ओवरटेक करने को लेकर कहासुनी हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने मामला शांत करा दिया। इसके बाद विवेक अपनी कार में बैठने लगा। तभी स्कॉर्पियो सवार दिनेश कुमार यादव, राजीव कुमार ठाकुर, राजू अग्रहरि, भाई लाल यादव और यूपी पुलिस का दरोगा राजकमल पांडेय नीचे उतरे।

इन सभी ने विवेक को कार से खींचकर बाहर निकाल लिया। इसके बाद असलहों और लोहे की रॉड से उसके सिर पर हमला कर दिया। करन सिंह ने विवेक को पिटता देख मदद के लिए गांव की ओर दौड़ लगा दी। इसी बीच हमलावर विवेक को मरा समझकर मौके से भाग गए।गांव वालों की मदद से विवेक को प्रयागराज के एक अस्पताल ले जाया गया। वहां उसकी गंभीर हालत देखते हुए मिलिट्री हॉस्पिटल, लखनऊ रेफर कर दिया गया। वहां सोमवार को विवेक की मौत हो गई।इसके बाद फौजी विवेक सिंह की हत्या करने वालों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर घरवालों और ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया। कहा कि जब तक हत्यारों को पकड़ा नहीं जाएगा, तब तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। इसके बाद पुलिस ने पुलिस ने वाहन नंबर के आधार पर राजीव कुमार (सेना का हवलदार), राजकमल पांडेय (दरोगा), दिनेश कुमार यादव, राजीव अग्रहरि, भाई लाल यादव को गिरफ्तार कर लिया। सभी हमलावर नैनी के चाका रहने वाले हैं।

# अवध विवि की स्नातक तृतीय, पंचम व परास्नातक की तृतीय सेमेस्टर परीक्षा शुरू



अयोध्या।(संवाददाता) डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में एनईपी के अंतर्गत स्नातक के तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर, परास्नातक के तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा आज मंगलवार से प्रारंभ हो गई। कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देश पर सात जनपदों के संबद्ध महाविद्यालयों के कुछ परीक्षा केंद्रों का कुलपति ने दौरा कर केन्द्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के संचालन एवं सीट प्लान को परखा और सुचारु रूप से परीक्षा कराई जाने के लिए तत्संबंधी को आवश्यक निर्देश दिए। कुलपति ने परीक्षा नियंत्रण कक्ष से सभी परीक्षा केन्द्रों के कैमरों की संचालन की स्थिति को भी देखा और आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं गरिमा को बनाये रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जाएँ। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा की सभी 508 केंद्रों की सीसीटीवी कैमरे से मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से की जा रही है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि एनईपी के अंतर्गत स्नातक व परास्नातक सेमेस्टर परीक्षा सुचारू रूप से शुरू हो गई हैं।

# भू-राजनीतिक संकटों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत- प्रो बी वी सिंह



प्रयागराज। जेके मेहता व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत, अर्थशास्त्र विभाग, इविंग क्रिश्चियन महाविद्यालय की ओर से ष्वैश्विक चुनौतियां और भारतीय अर्थव्यवस्थाष विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर भूपेंद्र विक्रम सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी ने कहा कि कोविड के बाद वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और व्यापार प्रभावित हुआ है परन्तु भारत में कई बड़े सुधार हुए जैसे श्रम कानूनों में सुधार, जीएसटी सुधार, प्रत्यक्ष करों में सुधार इत्यादि, इनसे भारतीय अर्थव्यवस्था की गति बढ़ी है और निवेश का माहौल बेहतर हुआ है। आर्थिक समृद्धि की दर में बढ़ोतरी अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक है। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि ट्रंप के टैरिफ वार से भारतीय अर्थव्यवस्था और मजबूत बनकर उभरी है, क्योंकि इससे रुके हुए आवश्यक सुधार संभव हो सके और अर्थव्यवस्था का विविधीकरण हुआ।दुनिया इस समय कई भू–राजनीतिक संकटों से गुजर रही है, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत है।

विशिष्ट वक्ता डॉ नृपेंद्र कुमार मिश्रा, प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग बीएचयू ने कहा कि भारत में विभिन्न क्षेत्रों का विकास एक उल्टे क्रम में हुआ है, सेवा क्षेत्र पहले तेजी से बढ़ा, मैन्युफैक्चरिंग पीछे रह गया।दूसरे विशिष्ट वक्ता प्रोफेसर राकेश रमन, अर्थशास्त्र विभाग बीएचयू ने कहा कि भारत की वृद्धि में कृषि का बड़ा योगदान है, लेकिन सिर्फ कृषि पर भरोसा करके भारत सतत विकास हासिल नहीं कर सकता। भारत ने कई क्षेत्रों में पुराने चरणों को छोड़कर सीधे आधुनिक तकनीक पर आगे बढ़ गया है। डिजिटल भुगतान, स्टार्टअप और नई तकनीक में भारत ने बड़ी छलांग लगाई है, लेकिन यह रणनीति तभी सफल होगी जब अन्य क्षेत्र भी इसके साथ सामंजस्य बनाएं।कार्यक्रम का संचालन एवं विषय प्रवर्तन विभागाध्यक्ष प्रो उमेश प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में इलाहाबाद विश्वविद्यालय की विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर किरण सिंह, प्रो विवेक कुमार निगम, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ भारतेंदु चतुर्वेदी, डॉ प्रदीप कुमार सिंह, पूर्व ऑक्टा अध्यक्ष डॉ राम प्रकाश सिंह, डॉ वेद मिश्रा, डॉ मनीष गोस्वामी, डॉ गजराज पटेल, तनया कृष्ण सहित अनेक शोध छात्र एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# रेल कर्मचारियों के लिए समर्पित रहूँगा- मनोज पाण्डेय

प्रयागराज। रेल कर्मचारियों के लिए रेल सेवा के दौरान पूरी ईमानदारी से संघर्ष करता रहा हु उनकी माँगों को उठता रहा हूं और किसी भी तरह की समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया हूं। अब भी आजीवन रेल कर्मचारियों के लिए समर्पित रहूँगा। उक्त उद्गार इण्डियन रेलवे इम्प्लाईज फेडरेशन एवं नार्थ सेन्ट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन के महामंत्री कामरेड मनोज पाण्डेय ने रेल सेवा से सेवानिवृत्त होने पर प्लान्ट ऑफिस की ओर से आयेजित सेवानिवृत्त एवं सम्मान समारोह में व्यक्त किया।सम्मान समारोह में कामरेड मनोज पाण्डेय का स्वागत करते हुए कर्मचारियों ने फूल माला से लाद दिया।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, रतमलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगाये जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आजा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद
जी.टी. रोड, फतेहपुर
MBBS. (H) P.M.P
हाजी खलीक अहमद जाफरी
सम्पादक कारखाने हक
9415065213
एफ.ए.जाफरी
D.R. (Opt.)
7379440876

# रेल कर्मचारियों के लिए समर्पित रहूँगा- मनोज पाण्डेय

प्रयागराज। रेल कर्मचारियों के लिए रेल सेवा के दौरान पूरी ईमानदारी से संघर्ष करता रहा हु उनकी माँगों को उठता रहा हूं और किसी भी तरह की समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया हूं। अब भी आजीवन रेल कर्मचारियों के लिए समर्पित रहूँगा। उक्त उद्गार इण्डियन रेलवे इम्प्लाईज फेडरेशन एवं नार्थ सेन्ट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन के महामंत्री कामरेड मनोज पाण्डेय ने रेल सेवा से सेवानिवृत्त होने पर प्लान्ट ऑफिस की और से आयोजित सेवानिवृत्त एवं सम्मान समारोह में व्यक्त किया।सम्मान समारोह में कामरेड मनोज पाण्डेय का स्वागत करते हुए कर्मचारियों ने फूल माला से लाद दियाद्य वरिष्ठ खण्ड अभियंता (प्लान्ट ) आर के मिश्रा के नेतृत्व में वरिष्ठ खण्ड अभियन्ता राजेश कुमार, संजय तिवारी, आर के राय, मोहन श्रीवास्तव, प्रेम लाल ने पगड़ी पहनाकर, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्लान्ट के रेल कर्मचारी एवं वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ और अनेकों उपहार देकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर सैयद इरफात अली, जे के चौधरी, विनय तिवारी, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, राजीव सिंह, संदीप सिंह, दीपक कुमार, प्रकाश भाई, जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा, राम चन्द्र प्रजापति, सुनील पांडेय, राजाराम जी, अब्दुल्ला, विजय कुमार, दिनेश कुमार, मदन पाल यादव, शेखर श्रीवास्तव के साथ कामरेड मनोज पांडेय के परिवार सदस्यों सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय शिल्प मेला 2025 का हुआ धूमधाम से आगाज

प्रयागराज। संगम नगरी एक बार फिर लोक–परंपराओं और स्वदेशी कला के अद्भुत संगम का साक्षी बनी। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से आयोजित दस दिवसीय 'राष्ट्रीय शिल्प मेला 2025' का शुभारंभ सोमवार को शिल्प हाट परिसर में भव्य सांस्कृतिक संध्या के साथ किया गया। देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने अपने पारंपरिक परिधानों और लोक–नृत्य की मोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को मंच पर जीवंत किया। हर रंग में एकता, हर सुर में भारत की आत्मा साफ झलक रही थी।


कार्यक्रम का उद्घाटन न्यायमूर्ति जे. जे. मुनीर, केन्द्र निदेशक सुदेश शर्मा एवं कार्यक्रम सलाहकार कल्पना सहाय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। केंद्र निदेशक ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र से अभिनंदन किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि"उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र पिछले चार दशकों से लोक कलाओं की धरोहर को संरक्षित कर रहा है। स्वदेशी शिल्पों के माध्यम से आत्मनिर्भरता व राष्ट्रगौरव की भावना मजबूत होती है। इसलिए शिल्प मेला आज प्रयागराज का एक महत्वपूर्ण वार्षिक आयोजन बन चुका है।

सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ विपिन मिश्रा की शंख–डमरू वादन से हुआ। इसके पश्चात पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने माँ गंगा को नमन करते हुए गीतों ने शाम को भक्तिरस व लोकधुनों की मिठास से भर दिया।

## सांड को बचाने में बोलेरो खाई में पलटी, एक की मौत, सात घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो



सिधौली–महमूदाबाद। सिधौली–महमूदाबाद मार्ग पर देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक मांगलिक कार्यक्रम से लौट रही बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। यह दुर्घटना टँडई नहर पुल के पास हुई। इस दर्दनाक हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहन में सवार सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कैसे हुआ हादसा? प्राप्त जानकारी के अनुसार, बोलेरो में सवार सभी लोग लखनऊ के बनकट बक्सी तालाब से एक मांगलिक कार्यक्रम से वापस अपने गांव लौट रहे थे। टँडई नहर पुल के पास सड़क पर अचानक एक सांड आ गया। सांड को बचाने की कोशिश में चालक ने तेजी से ब्रेक लगाया, जिससे गाड़ी नियंत्रण खो बैठी और सीधे सड़क किनारे एक गहरी खाई में पलट गई। मृतक और घायल हादसे में बिहारीपुरवा मजरा खरवलिया निवासी शिवबचन (50) पुत्र जगन्नाथ गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल इलाज के लिए लखनऊ ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घायलों में उमेश पुत्र राधेश्याम (खेरवा निवासी), श्याम (70) पुत्र मुल्लू (खरवलिया निवासी), हरीश (35), रमेश (40) प्रदीप यादव पुत्र रामखेलावन (चालक) शामिल रहे। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत पास के अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। इस हादसे ने एक बार फिर रात के समय सड़कों पर आवारा पशुओं की मौजूदगी से होने वाले खतरों को उजागर किया है।

## जिले में मिसाल बने बीएलओ, तहसीलों में सम्मान की गूंज

### - विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में बेहतरीन प्रदर्शन, एसडीएमों ने बढ़ाया मनोबल

न्यूज वाणी ब्यूरो



लखीमपुर खीरी। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ द्वारा किए गए शत–प्रतिशत और गुणवत्तापूर्ण कार्य को लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर जिले के सभी तहसीलों में सम्मान समारोह आयोजित किए गए। ग्राम–गली और घर–घर पहुंचकर मतदाता सत्यापन करने वाले इन कर्मठ बीएलओ को प्रशासन ने लोकतांत्रिक व्यवस्था के सच्चे सेनानी बताया। जिले की सभी आठ विधानसभा से तीन–तीन बीएलओ को चयनित कर सम्मानित किया गया। लखीमपुर व श्रीनगर–छह बीएलओ सम्मानित एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह ने विधानसभा 142 लखीमपुर में बीएलओ पूनम अवस्थी (बूथ 365), बल सिंह यादव (बूथ 309) व अमित कुमार तिवारी (बूथ 380) को सम्मानित किया। इसी क्रम में एसडीएम अर्चना ओझा ने 140 श्रीनगर विधानसभा में बीएलओ श्वेता मिश्रा (बूथ 104), सुनील कुमार (बूथ 105) तथा पदमा पांडे (बूथ 106) को शत–प्रतिशत एसआईआर कार्य के लिए सम्मान मिला। मोहम्मदी रू तीन बीएलओ ने रखा गुणवत्ता का मानक ऊँचा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम मोहम्मदी ने विधानसभा मोहम्मदी क्षेत्र में बूथ संख्या 125 की बीएलओ श्रीमती सोनिया, बूथ 209 के आमिर खान तथा बूथ 11 के सरनाम सिंह को उत्कृष्ट मैपिंग के लिए सर्टिफिकेट, शॉल और उपहार देकर सम्मानित किया गया। गोला, करस्ता, पलिया, धौरहरा व निघासन में अनुकरणीय प्रदर्शन पर मिला सम्मान विधानसभा 139 गोला गोकर्णनाथ में एसडीएम गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी ने बीएलओ सोमवारी लाल, मनीषा देवी और हसीब खां को एसआईआर कार्य शत–प्रतिशत पूरा करने पर सम्मानित किया। विधानसभा धौरहरा में एसडीएम शशिकांत मणि ने बूथ 12 के बीएलओ पवन कुमार, बूथ 159 के शैलेन्द्र कुमार और बूथ 200 के पंकज कुमार को सम्मानित किया। एसडीएम मधुसूदन गुप्ता ने करस्ता विधानसभा की बूथ 186 के राजेश कुमार, बूथ 200 के फिरोज अख्तर खान और बूथ 201 के अब्दुल सत्तार खां को सम्मान पत्र प्रदान किया। तहसील पलिया में बूथ 10 की बीएलओ राजमती, बूथ 29 के बीएलओ रामफूल राना और बूथ 32 की बीएलओ सावित्री राना को एसआईआर कार्य शत–प्रतिशत पूरा करने पर सम्मानित किया गया।

## भदांव गांव में हुआ वृहद कंबल वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

कमासिन, बांदा। विकास खंड कमासिन की ग्राम पंचायत भदांव में बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन नागपुर के संस्थापक आयुर्वेद रत्न पंडित राम नारायण शर्मा के आयुर्वेद



औषधि निर्माण कारखाना झांसी में स्थापित कर क्षेत्रीय लोगों से लगाव को प्रदर्शित करते हुए प्रबंध निदेशक पण्डित सुरेश कुमार शर्मा के आदेशानुसार भगवान भजनाश्रम ट्रस्ट चित्रकूट के प्रबंधक रामऔतार यादव द्वारा कमासिन ब्लाक क्षेत्र के ग्राम भदांव में 221 गर्म कंबल बेसहारा, गरीबों असहायो, वृद्धो, विधवाओं और साधु संतो को वितरण किए गये। इस मानवता की सेवा कार्य के लिए उपस्थित जनसमूह ने भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा स्वास्थ्य सेवाओं से जन–जन को लाभान्वित कराने की अपेक्षा की। कम्बल वितरण शिविर में व्यवस्था का दायित्व भजना आश्रम चित्रकूट की सोनाक्षी ने सेवा भाव से पूरा किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान ननकू यादव सेवानिवृत्ति शिक्षक राम विशाल सेवानिवृत्त शिक्षक साधु शरण सेवानिवृत्ति जिला जजी के प्रशासनिक अधिकारी केशव प्रसाद सहित जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत यादव सहित ग्रामीण पत्रकार भी मौजूद रहे। प्रबंधक रामऔतार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि जरूरतमंद लोगों के लिए समाज सेवा को आगे आकर पीड़ितों की मदद करना चाहिए। आयुर्वेद भवन नागपुर जिसका कार्यालय झांसी दवा खाने के रूप में है वहां से संस्था द्वारा पीड़ितों की मदद के लिए अन्न, कपड़े और बुन्देलखण्ड के सभी मजदूरों को सस्ती आयुर्वेदिक औषधियो का वितरण शिविर लगाकर गांव–गांव में मानवता की सेवा की जा रहीहै। बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन द्वारा समय–समय पर पंडित सुरेश बाबू शर्मा ने अपने पिता की प्रेरणा से जन–जन की सेवा का कार्य समर्पण भाव किया जा रहा है।

## महिला आईटीआई श्रीनगर का निर्माण रफ्तार पर 94 प्रतिशत कार्य पूरा



न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। महिला आईटीआई श्रीनगर की बहुप्रतीक्षित भवन परियोजना अब लगभग पूर्णता की ओर है। निर्माण कार्य का 94 प्रतिशत हिस्सा पूरा हो चुका है। धनराशि की दूसरी किस्त समय से न मिलने के कारण कुछ समय कार्य धीमा रहा, लेकिन डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की लगातार पहल और शासन स्तर पर प्रभावी पत्राचार के बाद बजट रिलीज होते ही काम ने फिर रतार पकड़ ली। राजकीय आईटीआई श्रीनगर (ब्लॉक फूलबेहड़) की स्थापना के लिए भारत सरकार की 12वीं इम्पावर्ड कमेटी ने 31 जनवरी 2019 को कुल 1260 लाख की स्वीकृति प्रदान की थी। इसमें 838.88 लाख सिविल कार्य तथा 421.22 लाख टूल्स व इक्विपमेंट के लिए निर्धारित किए गए थे। प्रथम किस्त के रूप में जारी 630 लाख से यूपीआरएनएन ने 85 प्रतिशत निर्माण पूरा कर उपभोग प्रमाण–पत्र डीएम के माध्यम से निदेशालय को भेज दिया था। द्वितीय किस्त लंबित रहने के कारण कार्य प्रभावित हो रहा था। इसे देखते हुए डीएम द्वारा शासन को लगातार पत्र भेजे गए। इसके परिणामस्वरूप निदेशालय ने 18 सितंबर को शेष सिविल राशि 208.88 लाख जारी कर दी, जो 24 अक्टूबर को कार्यदायी संस्था के खाते में पहुंच गई। फिनिशिंग का काम तेज, 31 मार्च 2026 नई डेडलाइन बजट उपलब्ध होने के बाद निर्माण कार्य में गति और बढ़ गई। अक्टूबर तक 94 फीसदी निर्माण पूरा कर लिया गया। वर्तमान में भवनों में पेंटिंग, फिनिशिंग, फिटिंग और अंतिम तैयारियों का कार्य किया जा रहा है। धनराशि के विलंब को देखते हुए निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण द्वारा परियोजना की नई पूर्णता तिथि 31 मार्च 2026 प्रस्तावित की गई है। निर्धारित समय में भवन होगा हस्तांतरित कार्यदायी संस्था ने भरोसा जताया है कि संशोधित टाइमलाइन के भीतर सभी कार्य पूरे कर भवन विभाग को सौंप दिया जाएगा। इसके बाद महिला आईटीआई श्रीनगर को जल्द ही संचालित करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जिससे क्षेत्र की बालिकाओं और युवतियों को तकनीकी शिक्षा के नए अवसर मिल सकेंगे।

## पिता ने आत्महत्या के बाद खेत में फेंका बेटी का शव, पुलिस ने किया खुलासा

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। थाना तालगांव क्षेत्र में 25 नवंबर को गन्ने के खेत में मिली किशोरी के शव मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस की गहन जांच में सामने




आया कि किशोरी की हत्या नहीं हुई थी, बल्कि उसने आत्महत्या की थी, और उसके पिता ने ही पुलिस को गुमराह करने के लिए शव को खेत में फेंक कर हत्या की झूठी कहानी रची थी। गुमराह करने पर पिता पर कार्रवाई मालूम हो कि 25 नवंबर को किशोरी के पिता रामलखन ने अपनी बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी, जिसके बाद खोजबीन के दौरान खेत में उसका शव मिला। पिता ने गांव के दो युवकों सर्वेश और दीपू पर हत्या का शक जताया था। विरोधाभासी बयान और साक्ष्यों से खुला राज एएसपी उत्तरी आलोक सिंह ने बताया कि शव के अंतिम संस्कार के बाद परिवार के सदस्यों के बयानों में भारी विरोधाभास मिला। घटनास्थल, घर से भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जुटाए गए और गवाहों के कलमबद्ध बयान कराए गए, जिससे घटना का सच सामने आ गया। डांट से क्षुब्ध होकर की आत्महत्या एसपी ने बताया कि मृतका का अपनी बड़ी बहन से विवाद हुआ था, जिसके बाद पिता ने दोनों को डांटा था। इससे क्षुब्ध होकर किशोरी कमरे में बंद हो गई। माता–पिता जब धार्मिक स्थल से करीब 3 घंटे बाद लौटे, तो किशोरी घर के कमरे में मृत पाई गई। घबराहट में पिता ने रचा झूठ का जाल परिजनों के घबरा जाने पर पिता ने शव को गांव के बाहर गन्ने के खेत में रख दिया, जिससे पूरी घटना संदिग्ध लगने लगी और उन्होंने हत्या की झूठी कहानी गढ़ी। एएसपी आलोक सिंह ने बताया कि पूछताछ में पिता और परिवारजनों ने सभी तथ्य स्वीकार कर लिए हैं। पुलिस ने साक्ष्य छुपाने के आरोप में मृतका के पिता के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट न होने के कारण विसरा सुरक्षित कर एफएसएल लखनऊ भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट आने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## आपरेशन शिकंजा अभियान के क्रम में पुलिस की कार्यवाही



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन शिकंजा के क्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र राजेश एस0 के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल नेतृत्व में व अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह गौर के निकट पर्यवेक्षण थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा फर्जी जमानतदारों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए 03 अभियुक्तो को गिरतार किया गया है। गौरतलब हो कि 12 नवंबर को थाना तिन्दवारी पर कार्यरत उ0नि0 शिवकरन सिंह द्वारा फर्जी जमानत लेने के सम्बन्ध में अभियुक्त बलवीर व 20 नवंबर को थाना तिन्दवारी क्षेत्र के रहने वाले राम सिंह ने थाना स्थानीय दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि मेरे नाम का फर्जी आधार कार्ड, खसरा खतौनी व फर्जी फोटो लगाकर कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कूटरचित तरीके से एनडीपीएस के अभियुक्त की न्यायालय में जमानत ली गई है। इस संबन्ध में थाना तिन्दवारी पर क्रमशरू मु0अ0सं0 274/25 व 285/25 पंजी.त किया गया था व अभियुक्तों की गिरतारी के प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों अभिसूचना संकलन, अभिलेखो के सत्यापन व मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त हरिशंकर को मवई तिराहा कोतवाली देहात के पास से गिरतार किया गया जिसके पास कूटरचित आधार कार्ड व अन्य फर्जी परिपत्र प्राप्त हुए। पुलिस द्वारा अभियुक्त से कड़ाई से पूछताछ कि गई तो बताया कि उक्त फर्जी परिपत्र मेरे साथी हेमन्त द्वारा बनाये जाते हैं। पकड़े गए अभियुक्त के निशादेही पर हेमन्त को संकट मोचन मंदिर थाना कोतवाली नगर के पास से गिरतार कर लिया गया। गिरतार अभियुक्त से फर्जी दस्तावेज व अन्य सामान बरामद हुआ तत्तपश्चात पुलिस द्वारा गिरतार अभियुक्तों के अन्य अभियुक्तो के गिरतारी हेतु प्रयास किये जा रहे थे कि तेरहीमाफी मोड़ थाना तिन्दवारी के पास एक व्यक्ति दिखाई दिया जिसे पूर्व से गिरतार अभियुक्तो द्वारा पहचान कर बताया गया कि यही बलवीर है जो हमारे साथ फर्जी दस्तावेज का प्रयोग कर घटना को अंजाम देता है। गिरतार अभियुक्त के पास भी फर्जी परिपत्र प्राप्त हुए। सभी गिरतार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है व अन्य अभियुक्तों के गिरतारी के प्रयास किये जा रहे है। पूछताछ में अभियुक्तो द्वारा बताया गया कि हम लोग शिवस्वरुप उर्फ मास्टर व रामबाबू के साथ मिलकर फर्जी तरीके से आधार कार्ड, फर्जी फोटों व अन्य फर्जी परिपत्र का प्रयोग कर फर्जी रुप से कारागार में निरुद्ध अभियुक्तों की जमानत लेते है साथ ही हमारे द्वारा थाना तिन्दवारी, थाना पैलानी, थाना बबेरु, थाना जीआरपी बांदा, थाना कोतवाली नगर व अन्य थानों के साथ–साथ जनपद चित्रकूट के अभियुक्तों की कूटरचित तरीके से जमानत ली गई है अभियुक्त के कब्जे से 35 आधार कार्ड व अन्य कागजात 01 सीपीयू, 01 प्रिंटर, 01 टीएफटी, 01 की बोर्ड, 01 माउस, 01 एक्सटेंशन (फर्जी परिपत्र तैयार हेतु प्रयुक्त सामान बरामद किया गया है पकड़े गए अभियुक्त हरिशंकर उर्फ विजयशंकर पुत्र .पाली निवासी ग्राम करहिया थाना कोतवाली देहात, हेमन्त पुत्र चन्द्रभवन निवासी ग्राम जसईपुर थाना तिन्दवारी, बलवीर पुत्र जगमोहन निवासी ग्राम पिपरगवां थाना तिन्दवारी वांछित अभियुक्त शिवस्वरुप उर्फ मास्टर पुत्र शिवलाल निवासी ग्राम भिंडौरा थाना तिन्दवारी के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। गिरतारी करने वाली टीम में दीपेन्द्र सिंह थाना प्रभारी तिन्दवारी उप निरीक्षक अंजनी कुमार पाण्डेय, उप निरीक्षक दिनेश सिंह, उप निरीक्षक राम आधार रावत हेड कांस्टेबल रामचन्द्र यादव का0 सुमन्त सिंह का0 महेन्द्र कुमार का0 अमन शामिल रहे।

## रूपईडीह पुलिस ने बलात्कारी को किया गिरफ्तार




न्यूज वाणी ब्यूरो

बहरहाल। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध की रोकथाम एवं वाँछित अपराधियों की गिरतारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 शिवेश कुमार शुक्ला मय पुलिस बल द्वारा थाना स्थानीय पर पंजी.त मु0अ0सं0 208/2025 धारा 137(2), 87, 64(1) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट से संबंधित प्रकाश में आये अभियुक्त मतलू खां पुत्र हातिम खां निवासी ग्राम बनकुरी थाना रूपइडीहा को गिरतार किया गया। 01 दिसंबर को अभियुक्त मतलू खाँ कही भागने की फिराक में था तभी मुखबिर खास की सूचना पर बनकुरी मोड़ बाबाकुट्टी के पास से गिरतार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त मतलू खां पुत्र हातिम खां निवासी ग्राम बनकुरी को पेशी हेतु न्यायालय सदर रवाना किया गया।

## हाई लॉस फीडर इलाके में विद्युत विभाग ने की छापेमारी



न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। नूरबाड़ी छोटे साहब आलम रोड फाजिलनगर विद्युत उपकेंद्र के हाई लॉस फीडर इलाके में बिजली विभाग ने छापेमारी की। यह कार्रवाई बिजली चोरी रोकने और लाइन लॉस कम करने के उद्देश्य से की गई हे विजलेंस टीम आशीष श्रीवास्तव, के के मिश्रा और संविदा कर्मचारियों ने कई परिसरों की जाँच की और कई लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा बिजली चोरी रोकने के लिए विभाग की कार्रवाई बिजली विभाग की इस कार्रवाई से बिजली चोरी पर लगाम लगाने में मदद मिल सकती है। इससे पहले भी लखनऊ में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया जा चुका है, और कनेक्शन की जाँच की गई हे बिजली चोरों के घर छापे मारे गए जिसमें लगभग आठ जगहों पर बिजली चोरी मिली हे

## शिक्षक व कर्मियों ने एफआईआर का किया विरोध, जलाई एफआईआर की कापी




न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। अटेवा एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आह्वाहन पर शिक्षक कर्मचारियों ने जो जहां पर था वही से एफआईआर की कॉपी प्रतीकात्मक जलाकर एफआईआर वापस करने की मांग की है। यह विरोध प्रदर्शन 25 नवंबर को दिल्ली के जंतर–मंतर पर पुरानी पेंशन की बहाली और टीईटी की अनिवार्यता को लेकर आयोजित शांतिपूर्ण धरने के बाद भी उनके सहयोगियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर के विरोध में किया गया है। शिक्षक कर्मचारियों का कहना है कि यह एफआईआर लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है और इसकी वापसी की मांग की जा रही है। उनका कहना है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को रख रहे थे, लेकिन इसके बावजूद उनके खिलाफ एफ.आई.आर दर्ज की गई है। अटेवा के जिला संयोजक जयनारायण श्रीवास ने जानकारी दी है की दउवचे के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुखजीत सिंह, राष्ट्रीय संगठन सचिव विजेंदर धारीवाल, रेलवे के सर्वजीत सिंह एवँ रूपेश के खलिाफ एफआईआर दुर्भाग्यपूर्ण व घोर निंदनीय है जिसके विरोध में अपने कार्यस्थल से ही प्रतीकात्मक एफआईआर की कॉपिया जलाकर विरोध किया गया मुख्य रूप से कार्यक्रम में अपनी भूमिका का निर्वहन किया आलोक यादव सह–संयोजक अटेवा, महामंत्री धीरेंद्र सिंह लेखपाल संघ अध्यक्ष राकेश बुंदेला, मोहन लाल खंडेहवाल, कुलदीप राणा, देवनारायण, आनंदन सिंह, शालिनी कनौजिया, ज्योति यादव, सुमन रायकवार साहनवाज, अशोक बुंदेला, जिला प्रवक्ता जेपी सिंह, प्रदेश संयुक्त मंत्री वीरेंद्र सिंह पटेल, रणविजय सिंह, नेपाल सिंह यादव, जानकी शरण आदि रहे।

## निर्वाचन नामावली रजिस्ट्रीकरण नियम के अनुसार तैयार

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वाराणसी खण्ड स्नातक एवं वाराणसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन नामावली निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम–1980 के अनुसार तैयार हो गयी है। उसकी एक प्रति कार्यालय समय के दौरान सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रकरण अधिकारीधजिला निर्वाचन कार्यालय गाजीपुर एवं पदभिहित स्थलों पर निरीक्षण के लिए 02 दिसंबर से 16 दिसंबर तक निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। निर्वाचक नामावली की अर्हक तारीख 01 नवंबर है। यदि कोई पूर्वोक्त अर्हक तारिख के सम्बन्ध में नामावली में किसी नाम को सम्मिलित किये जाने के लिए दावा, आपत्तियॉ हो तो 02 दिसंबर से 16 दिसंबर को या उससे पूर्व स्नातकधशिक्षक हेतु नियत प्रारूप फार्म 18, 19, 07 एवं 08 जो समुचित हो उस प्रारूप में समस्त पदाभिहित स्थलों पर दाखिल किया जायेगा।

## गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची तैयार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि अर्हता तिथि 01 नवम्बर 2025 के आधार पर गोरखपुर–फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली तैयार हो गयी है जिसकी एक–एक प्रति सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में, नाम निर्दिष्ट अधिकारी के कार्यालय में और शिक्षक निर्वाचन के समस्त मतदान केन्द्रों पर निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। श्री कुमार ने बताया कि यदि पूर्ववत् अर्हक तारीख के सन्दर्भ में नामावली में किसी नाम को सम्मिलित किये जाने के लिये कोई दावा या किसी नाम के सम्मिलित किए जाने के लिए कोई आक्षेप किया जाता है या किसी प्रविष्टियों की बाबत कोई आक्षेप हो तो वह 16 दिसम्बर, 2025 को या उसके पूर्व प्रारूप 19 में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयधजिला निर्वाचन कार्यालय बहराइच, समस्त संबंधित उप जिलाधिकारीध्नाम निर्दिष्ट अधिकारी कार्यालय, समस्त मतदान केन्द्रों पर अपना आवेदन, यदि पहले जमा नहीं किया है तो जमा कर सकते है।




### सूचना

मैं शारिया शमीम पुत्री शमीम अहमद निवासी 108 सैयद वाड़ा फतेहपुर इसके द्वारा यह सूचित करता हूँ कि मेरा जन्म दिनांक 25–06–2002 को फतेहपुर में हुआ था। मेरा मूल जन्म प्रमाण पत्र पहले कभी जारी नहीं हुआ है। मुझे सरकारी रिकॉर्ड हेतु प्रमाण पत्र बनवाने की आवश्यकता है, जिसके लिए यह सूचना प्रकाशित कराई जा रही है। यदि किसी भी व्यक्ति या संस्था को मेरे जन्म की तिथि या पहचान के संबंध में कोई आपत्ति या जानकारी हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर नगर पालिका परिषद, फतेहपुर को लिखित में सूचित करें। इसके पश्चात, मैं विधिवत जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की अग्रिम कार्यवाही करूंगी।

### सूचना

मैं अब्दुल रहमान पुत्र जफर अहमद निवासी 51, एम.आई.सी. रोड, सैय्यद वाड़ा, फतेहपुर, इसके द्वारा यह सूचित करता हूँ कि मेरा जन्म दिनांक 15–12–1999 को फतेहपुर में हुआ था। मेरा मूल जन्म प्रमाण पत्र पहले कभी जारी नहीं हुआ है। मुझे सरकारी रिकॉर्ड हेतु प्रमाण पत्र बनवाने की आवश्यकता है, जिसके लिए यह सूचना प्रकाशित कराई जा रही है। यदि किसी भी व्यक्ति या संस्था को मेरे जन्म की तिथि या पहचान के संबंध में कोई आपत्ति या जानकारी हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर नगर पालिका परिषद, फतेहपुर को लिखित में सूचित करें। इसके पश्चात, मैं विधिवत जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की अग्रिम कार्यवाही करूंगा।

### सूचना

मैं शैजी अहमद पुत्र इदरीस अहमद निवासी 51, एम.आई.सी. रोड, सैय्यद वाड़ा, फतेहपुर इसके द्वारा यह सूचित करता हूँ कि मेरा जन्म दिनांक 15–07–2006 को फतेहपुर में हुआ था। मेरा मूल जन्म प्रमाण पत्र पहले कभी जारी नहीं हुआ है। मुझे सरकारी रिकॉर्ड हेतु प्रमाण पत्र बनवाने की आवश्यकता है, जिसके लिए यह सूचना प्रकाशित कराई जा रही है। यदि किसी भी व्यक्ति या संस्था को मेरे जन्म की तिथि या पहचान के संबंध में कोई आपत्ति या जानकारी हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर नगर पालिका परिषद, फतेहपुर को लिखित में सूचित करें। इसके पश्चात, मैं विधिवत जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की अग्रिम कार्यवाही करूंगा।

